नगर निगम, शाहजहाँपुर।

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक– 22.03.2021

- **नगर निगम, शाहजहाँपुर के द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन के लिये आज दिनांक 22.03.2021 को एस0एस0 कॉलेज में गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

नगर निगम, शाहजहाँपुर के द्वारा मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलम्बन के लिये आज दिनांक 22.03.2021 को एस0एस0 कॉलेज में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें नगर की सम्मानित महिलाओं द्वारा सक्रिय प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह जी द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित महिलाओं को अपने अधिकार जानने व उनका सही उपयोग करने के बारे में बताया गया। इसके साथ ही महिलाओं के सशक्तिकरण व आत्मनिर्भर बनने की अपील की गई। साथ ही पीएम स्वनिधि योजना का लाभ उठाये जाने की अपील की गई, जिससे महिलायें भी आत्म निर्भर बन सके। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित लोगो से नगर में सड़को को साफ रखने,कचरे को इधर–उधर न करने व साफ–सफाई मे सहयोग करने की अपील की गई व कचरे के ठोस प्रबंन्धन के बारे में महिलाओं को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई व घर पर ही गीले कचरे को होम कम्पोस्टिंग के माध्यम से कचरे के सही निपटान के बारे में बताया गया, जिससे नगर को साफ एवं स्वच्छ बनाया जा सके। इस अवसर पर एस0एस0 कॉलेज से 05 शिक्षक एवं 05 छात्राओं द्वारा जिलाधिकारी महोदय से प्रश्न पूछे गये, जिसके उत्तर जिलाधिकारी महोदय द्वारा सकारात्मक रुप से दिये गये। कार्यक्रम में उपस्थित पुलिस अधीक्षक श्री एस0 आनन्द द्वारा कहा गया कि महिलाओ को किसी प्रकार की समस्या होने पर 1090,112, 108 एवं एंटी रोमियो हेल्प लाइन पर सूचना देने की अपील की गई, जिससे महिलाओ की समस्याओ का तत्काल निस्तारण कराया जा सके। जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री वरूण सिंह द्वारा महिलाओ के उत्थान हेतु सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला कल्याणकारी योजना के विषय में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। मिशन शक्ति के अन्तर्गत आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी महोदय श्री इन्द्र विक्रम सिंह जी, पुलिस अधीक्षक श्री एस0 आनन्द, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रश्मि भारती, जिला प्रोबेशन अधिकारी श्री वरूण सिंह एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण तथा एस0एस0 कॉलेज के प्रधानाचार्य श्री अवनीश मिश्रा, एस0एस0 कॉलेज के शिक्षकगण तथा सम्मानित महिलायें उपस्थित रही।

सहायक नगर आयुक्त

नगर निगम,शाहजहाँपुर।